Regarding Railway related issues of Etah Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid

श्री देवेश शाक्य (एटा) **:** मेरी लोक सभा एटा (उत्तर प्रदेश) के सहावर गंजडुण्डवारा मार्ग पर एक रेलवे पुल, सोरो में एक रेलवे ओवर ब्रिज तथा सोरो-अमनपुर मार्ग पर दो ऊपरी पुलों (ओवरब्रिज) की तत्काल आवश्यकता है । इन मार्गों पर रेलवे क्रॉसिंग के कारण आए दिन जाम लगता है जिससे आम जनता, विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है । एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाएं भी समय पर नहीं पहुँच पाती हैं जिससे जन-जीवन प्रभावित होता है । इसके अलावा एटा-कासगंज रेलवे परियोजना जिसे वर्ष 2027 तक पूरा किया जाना निर्धारित है उसका कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है । समय पर निगरानी और प्रभावी समन्वय के अभाव में कार्य प्रगति नहीं कर पा रहा है । इन सभी परियोजनाओं का समयबद्ध पूर्ण होना क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है । इसलिए सरकार से मांग है कि वे इन कार्यों में तेजी लाएं और जनता को शीघ्र राहत प्रदान करे तथा साथ ही साथ यहाँ की जनता को दिल्ली से जोड़ने की माँग करता हूँ । यह सभी प्रमुख कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किए जाये ।